# किशनगढ़ बास नगर पालिका ने हटाए सड़क से अतिक्रमण

**किशनगढ़ बास।** शहर में हर 5 मिनट बाद लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए 12 माह पहले तत्कालीन रहे एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी धीरज कुमार की ओर से की गई प्रस्तावित मोठूका चौक पर बस स्टैंड शिफ्ट करने की फाइल 12 माह बाद आज भी नगर पालिका की अलमारी में बंद है। वैसे यातायात को सुचारू रखने के लिए पुलिस की व्यवस्था की गई है लेकिन इसके बाद भी हर 5 मिनट बाद जाम की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को एक बार फिर नगर पालिका और पुलिस ने मिलकर खैरथल तिजारा अलवर रोड व मेन बाजार में हों रहे है स्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।



नगर पालिका कर्मचारी व पुलिस जाप्ता किशनगढ़ बास में तिजारा रोड पर सड़क पर खड़े ठेले वालों को हटाया।

पुलिस को साथ में लेकर नगर पालिका की ओर से की गई ठेलें खोके वालों को हटाने की कार्रवाई को लोगों ने महज़ एक खाना पूर्ति व दिखावा बताया है। लोगों का कहना था की जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ठेले खोके वालों को हटाना ही पर्याप्त नहीं है इसके लिए 12 माह से नगर पालिका की अलमारी में बंद पड़ी बस स्टैंड शिफ्ट करने की फाइल को बाहर निकालने की जरूरत है जिसे अधिकारियों ने ताले में बंद करके रखा हुआ है। लेकिन यह बात नगर पालिका वालों को कौन समझाए कि गरीब ठेले वालों को हटाने से जाम की समस्या खत्म होने वाली नहीं है।

यह सही है कि तोप सर्किल से तिजारा रोड पेट्रोल पंप तक अलवर रोड खेल मैदान तक और खैरथल रोड महावर धर्मशाला से आगे तक सड़क के दोनों और ठेले खौको वालों ने सड़क को सुकडा कर रखा है तो वहीं दुकानदार भी सडक तक अतिक्रमण करके रखने में पीछे नहीं है। यहां तक कि प्राइवेट सवारी वाहनों ने भी सडक पर स्टैंड बनाया हुआ है। इन सब को व्यवस्थित करने के लिए अनेक बार पुलिस की सीएलजी सदस्यों की बैठक में यह मुद्दा उठाया जा चुका है। सदस्यों की शिकायत पर पुलिस ने नगर पालिका के साथ मिलकर पहले

- 12 महीने पहले अधिकारियों ने बैठक कर बनाई थी मोठूका चौक पर बस स्टैंड को शिफ्ट करने की योजना

भी कई बार कार्रवाई की है। लेकिन हालात नहीं सुधरे हैं। नगर पालिका पुलिस की मदद लेकर ठेली वालों को हटवा तो सकती है ठेलें खोके को जप्त कर सकती हैं।

जुर्माना लगाकर और हिदायत देकर छोड़ भी देती हैं। क्या कभी नगर पालिका वालों ने इस बात पर ध्यान दिया है की बार-बार हटाने के बाद वापस कौन लगवा रहा है। ठेले खौके वाले सड़क पर जरूर खड़े हैं लेकिन सड़क पर खड़े होने का किराया वह एक दुकानदार से भी अधिक देते हैं। करवाई तो उन पर होनी चाहिए जो दुकानदार उनसे किराया लेकर सड़क पर ठेली लगाने की इजाजत दे रहे है।

## 'अच्छी शिक्षा के लिए सहभागिता जरूरी'

**निवाई।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय निवाई में वालंटियर प्रशिक्षण हेतु दक्ष प्रशिक्षक की कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यशाला शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेशचंद्र विजय एवं प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने मां सरस्वती के माल्यार्पण कर किया। दक्ष प्रशिक्षक गिरिराजप्रसाद गुर्जर द्वारा अपना गांव अपना विद्यालय सबसे प्यारा सबसे न्यारा बनाने के लिए प्रत्येक गांव से स्वयंसेवक शिक्षक तैयार करने की जानकारी दी।

उन्होंने वालंटियर टीचर को जोडऩे, वॉलिंटियर के उद्देश्य कार्य एवं भूमिका, विद्यांजलि कार्यक्रम एसडीएमसी व एसएमसी का गठन, शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए सभी को अपने-अपने पंचायत परिक्षेत्र के सभी विद्यालयों में प्रशिक्षण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि जन सहभागिता से शिक्षा में बेहतरी के प्रयास जरूरी है। इसके लिए समुदाय में से शिक्षा के प्रति सकारात्मक जुड़ाव रखने वाले विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित व्यक्तियों को जोडक़र अपना गांव अपना स्कूल सबसे अच्छा के संकल्प को सिद्ध करें।

## सार-समाचार

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



महिला से मारपीट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**पावटा।** महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर के निर्देशानुसार जिला कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन, वृत्ताधिकारी वृत्त बानसूर राजेंद्र बुरडक के निर्देशन एवं बास दयाल थानाधिकारी किशनलाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुख्य आरोपी रामकरण को गिरफ्तार किया गया। बास दयाल थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि 6 जनवरी को परिवादी भूदादास पुत्र हीरादास स्वामी उम्र 60 साल निवासी ढाणी मिसाला की तन खोहरी ने मामला दर्ज करवाया था कि 5 जनवरी 2025 शाम 5.30 बजे के करीब घर के अंदर अपनी पत्नी कमली देवी के साथ बैठा हुआ था। पुत्र वधू सुमन घर में काम कर रही थी। उसी समय राय मशवरा कर नामजद कुछ लोग व महिलाए अपने हाथों में कुल्हाडी, बाकडी, कसिया, लाठी लेकर रिहायशी मकान में घुस गए कुछ समझ पाते रामकरण ने कुल्हाडी से मेरे पर वार कर दिया। मेरी पत्नी कमली देवी मुझे बचाने के लिए आई तो उसे पर भी कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिया। वहीं उसके बाद मेरी पुत्रवधू हमें बचाने आई तो उसके साथ अभद्रता की व घसीट कर घर के बाहर ले आए एवं जान से मारने की नीयत से खिलाड़ी मैं लड़कियों से हमला करते रहे जिसमें हम लहूलुहान हो गए। जिस पर बीएनएस में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस में मामला दर्ज कर पीड़ितों का मेडिकल करवाकर आरोपियों की तलाश हेतु गठित टीम द्वारा दबिश दी जाकर मुख्य आरोपी रामकरण को बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया व शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

### प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**निवाई।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र के जिला युवाधिकारी हितेशकुमार के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निवाई ब्लॉक के पूर्व वालंटियर नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में निवाई ब्लॉक के 15 से 29 वर्ष के युवा-युवतियां भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन युवा शक्ति को खेलों के प्रति प्रेरित करने व उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने बताया कि कबड्डी पुरुष वर्ग में फाइटर टीम ने प्रथम स्थान, रस्साकसी महिला वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई टीम प्रथम, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रियंका मीणा, द्वितीय स्थान मनीषा मीना व तृतीय स्थान रोशन मीणा ने प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पुरुष एवं महिला वर्ग 200 मीटर दौड़, पुरुष एवं महिला वर्ग व सम्मान एवं पुरस्कार विजेता खिलाडिय़ों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### वार्षिकोत्सव 14 को

**पावटा।** पाथरेडी स्थित श्री बाबा भोमिया गौशाला गौतीर्थ परिसर में गौशाला समिति का 17वाँ वार्षिकोत्सव 14 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। श्री बाबा भोमिया गौशाला समिति मुख्य संरक्षक मुकेश अठावाल सहित पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि 14 जनवरी को सुबह 9.15 बजे सरपंच ग्राम पंचायत पाथरेडी रामस्वरूप कसाना की अध्यक्षता व क्षेत्र के सम्माननीय जनप्रतिनिधि व समाजसेवियो के विशिष्ट आतिथ्य में गौ पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। उसके बाद आयोजित होने वाले इस विशाल वार्षिकोत्सव में राजस्थान के लोक कलाकार सोनम गुर्जरी एंड पार्टी द्वारा राजस्थानी लोक गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भव्य नृत्य कलाकारों द्वारा नृत्य का आयोजन होगा।

### बालाजी को पौषबड़ों का लगाया भोग

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के निकट इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर स्टेशन रोड में पर पौष बड़ो का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। पुजारी महावीर प्रसाद लता स्वामी ने बताया कि सुबह बालाजी महाराज का अभिषेक कर सिंदूरी चोला चढ़ाया गया व नवीन पोशाक धारण कराई गई। दोपहर 1:00 बजे से प्रसादी का भोग लगाकर डोना प्रसादी वितरण की गई । इस मौके पर भक्ति राजू नाई, नवल किशोर फूलका बिजेदर जांगिड़ सहीत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महाकुंभ के लिए रवाना होगा दल

**निवाई।** महाकाली कंकाली धाम नोहटा के महंत शंकरगिरी महाराज के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नोहटा से महाकुंभ में संतों की सेवार्थ के लिए गिर्राज चौधरी, संजय चौधरी, धर्मराज चौधरी, मीठालाल माली, कन्हैयालाल पांचाल, तुलसीराम चौधरी व योगेश चौधरी सहित कई ग्रामीणों का दल नोहटा से महाकुंभ के लिए रवाना होगा।

## हर बच्चें को शिक्षित करना होगा : डॉ. रामजीलाल बैरवा

**निवाई।** राजकीय सामुदायिक अस्पताल निवाई के डॉ. रामजीलाल बैरवा ने अपने पिता की चतुर्थ पुण्यतिथि पर पीपलू क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर में करीब 60 बच्चों को स्वेटर व लगभग 30 बुजुर्गो को कंबल वितरित करके उनका मनोबल बढ़ाया। डॉ रामजीलाल बैरवा ने प्रथम शिक्षक महात्मा फुले, प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले व डॉ आंबेडकर के जीवन के साथ-साथ शिक्षा पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाना है तो भारत के हर बच्चें को शिक्षित करना होगा।

उन्होंने कहा कि बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाकर उनके भविष्य का निर्माण करें। संस्था प्रभारी रामलाल ने बताया कि डॉ. बैरवा ने उनके पिताजी स्व. पांचूराम बैरवा की प्रथम पुण्यतिथि

- पिता की पुण्यतिथि पर बच्चों को स्वेटर व बुजुर्गो को दिए कंबल

पर गरीब व असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए थे। द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया था। तृतीय पुण्यतिथि पर भी असहाय लोगों को पुनः सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरित किए व पाठशाला के बच्चों को स्टेशनरी का सामान व स्कूल बैग वितरित किए थे। जो समाज के लिए एक प्रेरणा है। इस अवसर पर संस्था प्रभारी रामलाल, भैरूलाल जाट, मोतीलाल बैरवा सहित कई ग्रामीणों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्कूल में गर्म स्वेटर वितरित

**मनोहरपुर।** सीकर के लोसल ग्राम पंचायत भीराणा के सरकारी स्कूल मदद फाउंडेशन द्वारा गर्म स्वेटर वितरित किए गए संस्था सदस्य राजेंद्र भीराणा ने बताया कि इस में ठंड को देखते हुए राजकीय विद्यालय में गर्म स्वेटर वितरित किए गए।

इस में संस्था सदस्य समाजसेवी राजकंवर के अलावा शंकर सिंह राज कंवर. कुणाल सिंह मृणाल करणी प्रताप सिंह भानु बिटिया करुणा कंवर राज यशोदा कंवर योगेश कुमार कशिश दुबे रितेश कुमार इंदर सिंह रतन सिंह ईश्वर गुरुजी गिरीश कुमार संतोष जांगिड़ कमलेश कुमावत प्रियंका जांगिड़ का सहयोग का सहयोग रहा। इस में मातृशक्ति द्वारा बच्चों को स्वेटर के साथ बच्चों को कुछ खाने का सामान भी दिया गया। स्कूल प्रशासन द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया।

## कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिवस पर सुरक्षित बचपन सप्ताह का आयोजन

**शाहपुरा।** शुक्रवार को सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन बाल आश्रम के सहयोग से संचालित बाल मित्र ग्राम बनीपार्क, ठीकरिया, जयसिंहपुरा सहित बाल मित्र ग्रामों में बाल आश्रम संस्थापिका माता सुमेधा कैलाश के निर्देशन में सुरक्षित बचपन सप्ताह के तीसरे दिन नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के 71वें जन्मदिन 11जनवरी सुरक्षित बचपन दिवस के उपलक्ष्य में बाल मित्र ग्रामों में सुरक्षित बचपन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें खेलकूद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, बच्चों को आत्म रक्षा के गुर एवं बाल विवाह जन-जगरूकता पर्चे एवं पंपलेट वितरित कर सुरक्षित बचपन सप्ताह का अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बाल आश्रम के कार्यकर्ताओं ने लोगों को बताया कि सुरक्षित बचपन सप्ताह में विभिन्न तरह-तरह कि गतिविधियां आयोजित कर लोगों को बाल अधिकारों एवं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। तथा हर बच्चे को स्वस्थ्य, शिक्षित एवं सुरक्षित करने का संकल्प दिलाया गया। वहीं बाल मित्र ग्राम बनीपार्क में सुरक्षित बचपन सप्ताह के अंतर्गत बालक एवं बालिका वर्ग का वॉलीबॉल मैच का आयोजन करवाया गया। जिससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है तथा बच्चों में खेल के माध्यम से भाईचारे एवं सौहार्द कि भावना का विकास होता है। बाल मित्र ग्राम ठीकरिया में बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। तथा गुड टच बेड टच कि जानकारी देते हुए बाल विवाह अधिनियम 2006कि जानकारी देते हुए पर्चे एवं पंपलेट वितरित किए गये। तथा बाल मित्र ग्राम जयसिंहपुरा मे निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित कि गई। जिसमें नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के जीवन के बारे में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित कि गई। तथा बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

## जनसुनवाई में 15 परिवाद मिले, परिवेदनाओं का मौके पर ही किया निस्तारण

**पावटा।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई और त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले के समस्त उपखंड मुख्यालयों पर उपखंड स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया गया।

जिसके तहत पावटा उपखंड की जनसुनवाई का आयोजन उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय की अध्यक्षता में पावटा पंचायत समिति सभागार में किया गया। जिनमें आमजन की परिवेदनाएं प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने पंचायत समिति पावटा में आयोजित उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं जनसुनवाई के दौरान कुल 15 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से विभिन्न परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया और शेष परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

- 15 परिवेदनाओ जिनमें चार पेंशन बंद करने, एक रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण आदि के थे

उन्होंने आमजन की 15 परिवेदनाओ जिनमें चार पेंशन बंद करने, एक रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण, पावटा कस्बे में पीएचईडी विभाग की लापरवाही के कारण चार जगह पाइप लाइन लीकेज समस्या, पावटा में विद्युत विभाग द्वारा दो विद्युत कनेक्शन जारी करने, ग्राम टोरडा में एक रास्ता प्रकरण, जनाधार में तीन शुद्धिकरण मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। वहीं ग्राम पुरुषोत्तमपुरा के लोगों ने पुरुषोत्तमपुरा को कोटपुतली तहसील व पंचायत समिति में रखने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जिस पर उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने समस्या के निस्तारण का आश्वाशन दिया। साथ ही उन्होंने जनसुनवाई के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, तहसीलदार संजय खेदड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर अपने-अपने विभाग से संबंधित राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवाई व साथ ही विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को मौके पर लाभांवित भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## टोंक के कलाकार बंगाल में देंगे नाट्य प्रस्तुति

**टोंक।** रंगमंच की दुनिया में टोंक का नाम लगातार उभर रहा है। पिछले 8 वर्षो से अपनी कला यात्रा को जारी रखते हुए कम्युनिटी थिएटर टोंक ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित नाट्य महोत्सवों में अपनी अलग पहचान बनाई है। यह टोंक जिले के लिए गर्व की बात है कि एशिया के सबसे बड़े नाट्य समारोह "भारत रंग महोत्सव (भारंगम)' में फरवरी 2024 में उनके नाटक "द डेथ ऑफ गैलीलियो" का चयन हुआ। यह राजस्थान की एकमात्र प्रस्तुति थी। 2016 से अब तक इस थिएटर समूह ने 15 से अधिक प्रतिष्ठित नाट्य महोत्सवों में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शहर का नाम रोशन किया है। इस सफलता की कड़ी में अब समूह का हास्य और व्यंग्य नाटक "अंधेर नगरी चौपट राजा" दो प्रमुख नाट्य महोत्सवों में चयन हुआ हैं, जो 28 दिसंबर 2024 को कलकत्ता में गोबरडांगा मृदंगम द्वारा आयोजित "मृदंगम उत्सव 2024" को बंगाल के शिल्पभूमि द्वारा आयोजित "भारत नाट्य महोत्सव 2024" में हिस्सा लेंगे।

## सरकारी स्कूल कुनेड में परीक्षा पे चर्चा का पंजीकरण

**पावटा।** ब्लॉक पावटा के शहरी शिक्षा संकुल प्रभारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुनेड में परीक्षा पे चर्चा का पंजीकरण व अपार आईडी बनाने के महत्त्व पर चर्चा को लेकर पावटा सीबीईओ धर्मवीर जिंदोलिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे शहरी शिक्षा संकुल प्रभारी कुनेड के अधीनस्थ सभी निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने भाग लिया। इस दौरान पावटा सीबीईओ धर्मवीर जिंदोलिया ने सभी निजी विद्यालयो के संस्था प्रधानों को अपार आईडी व परीक्षा पे चर्चा के पंजीकरण को शत प्रतिशत करने के निर्देश दिये। वही निजी विद्यालयो के संस्था प्रधानों की और से ओमप्रकाश शर्मा ने कार्य समय पर करनेका आश्वासन दिया। बैठक में स्थानीय संस्था प्रधान बलदेव शर्मा व समस्त स्टाफ द्वारा पावटा सीबीईओ धर्मवीर जिंदोलिया व एएओ अशोक शर्मा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वही व्याख्याता अरविंद कुमार मीणा व अध्यापक मोती लाल यादव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। वही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने बताया कि गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में नवनियुक्त स्टाफ सचिव वीरेंद्र अठावाल को नियुक्त करने पर विद्यालय परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाए दी गई एवं पूर्व स्टाफ सचिव चिरंजीलाल गुर्जर को भी विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने कहाँ कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यालय गरिमा एवं विद्यालय परिवार की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अपना सर्वोत्तम प्रयास एवं कार्य का निर्वहन किया है। वैसे ही नवनियुक्त स्टाफ सचिव वीरेंद्र अठावाल से भी यह अपेक्षा की गई है कि यह उपखंड के बड़े विद्यालय की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इसे बुलंदियों पर पहुंचने का कार्य करेंगे।

## विद्यार्थियों का किया सम्मान

**श्रीमाधोपुर।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज में विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि अनुराधा सैनी पुत्री राधेश्याम सैनी निवासी श्रीमाधोपुर ने एमएससी फाइनल-रसायन शास्त्र में 88.85 प्रतिशत के साथ 2024 का गोल्ड मैडल जीता है साथ ही डिंपल सैनी पुत्री शंकर लाल सैनी, निवासी श्रीमाधोपुर ने 70 प्रतिशत के साथ एमए अर्थशास्त्र में 2024 का गोल्ड मैडल जीता।

गजेंद्र पालीवाल पुत्र हंसराज वर्मा, निवासी मऊ ने 75 प्रतिशत के साथ इतिहास विषय में 2023 का गोल्ड मेडल प्राप्त करके पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर मे टॉप किया तथा पुष्पा जीनगर पुत्री देवकीनंदन जीनगर परीक्षा 2024 में हिंदी विषय में 77.22 प्रतिशत अंको के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यार्थियों के महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार के द्वारा साफा बंधवाकर, माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

## गौकशी के 7 अभियुक्त गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजेन्द्र सिंह भाटी के सुपरविजन में निवाई थाना व डीएसटी टीम द्वारा थाना बरोनी में दर्ज गौकशी के प्रकरण में 7 मुल्जिमान को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनके द्वारा प्रयुक्त किये गये दो वाहन भी जप्त किये।

ज्ञात रहे कि गत 2 जनवरी 2024 को ग्राम पहाडी के पास ईंटो के बने एक कमरे में गौ मांस के अवशेष मिले थे। अपराधियों की तलाश में जुठी पुलिस ने ग्वालियर म.प्र. व जिला सवाईमोधापुर, जयपुर के अलावा कई जगह दबिश देकर गहन छानबिन की, जिसमें साईबर एक्सपर्ट व मुखबिर की प्राप्त सूचना पर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

थानाधिकारी मानवेन्द्र सिह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में खालिद पुत्र सादिक अली जाति अब्बासी मुसलमान उम्र 26 साल निवासी शेरू भाई की गली तालकटोरा टोंक, साजिद पुत्र मकसुद जाति पठान मुसलामन उम्र 40 निवासी बहीर पायगा टोंक, समीर मिया उर्फ कामिल पुत्र सलीम उम्र 24 साल निवासी जामा मस्जिद के पीछे बहीर टोंक, निजाम पुत्र जमाल खाँ जाति कलन्दर मुसलमान् उम्र 45 साल निवासी बहीर पायगा टोंक, जगमाल खान पुत्र मुंशी बंजारा जाति बंजारा मुसलमान उम्र 33 साल निवासी कमाल की ढाणी ललवाड़ी, नोसिन पुत्र सोनू खां जाति बंजारा मुसलमान् उम्र 21 साल निवासी कमाल की ढाणी ललवाड़ी, शकील पुत्र ईद मोहम्मद जाति मुसलमान् उम्र 42 साल निवासी इस्लामपुरा ईसरदा थाना चौथ का बरवाड़ा जिला सवाई माधोपुर शामिल है।

**ईनामी वांछित वारंटी गिरफ्तार :** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा चलाये जा रहे वांछित अपराधियो की धरपकड अभियान के तहत वृत्ताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत एवं थानाधिकारी लाम्बाहरिसिंह मुकेश कुमार ने कार्यवाही करतें हुए वांछित अपराधियों व स्थाई वारंटीयो की गिरफ्तारी हेतु टीम गठीत कर वांछित अपराधियों की धरपकड के दौरान तलाश में फरार स्थाई वारंटी (ईनामी 5000 रूपये) रतन पुत्र जस्सा जाति जाट उम्र 38 साल निवासी सील पुलिस थाना अराई जिला अजमेर को ग्राम सील से डिटेन किया गया।

**दो महिलायें गिरफ्तार :** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मोटाराम बेनिवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा ने अवैध हथियार की रोकथाम विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करते हुए उनके सुपरविजन में दूनी थानाधिकारी डेमन्त जनागल की थाना टीम व वन विभाग की सयुक्त टीम द्वारा ग्राम कनवाड़ा मे सघन तलाशी अभियान चलाते हुये दो मकानो से अवैध हथियारो का जखीरा दो टोपीदार बन्दूक, एक बन्दूक गन, दो छुरा व मांस काटने के लकड़ी के दो गुट्टे बरामद किए।

## भव्य शोभायात्रा निकाली

**राजगढ़।** कस्बे में श्री राम मंदिर दिवस को लेकर सनातन सभा की ओर से शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा में श्री राम की महिमा एवं रामधुनी के गुणगान के साथ श्रद्धा एवं भक्ति का आलम रहा।

भगवान श्री राम की भक्ति से उत्प्रोत माहौल में सिर एवं ललाट पर चंदन से लिखा श्रीराम का चित्र प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। आकर्षक ध्वज एवं पताकाओ के साथ जय श्री राम के नारे से समूचा माहौल गूंज उठा। इस दौरान राम दरबार सहित झाकियों से सुसज्जित शोभा यात्रा स्टेशन मार्ग स्थित सैनी धर्मशाला से प्रारंभ हुई।

भाजपा नेता बन्ना राम मीना एवं राजेंद्र दीक्षित के नेतृत्व में शोभा यात्रा का प्रमुख मार्गो में अरे मैं प्रेमी लोगों की ओर से स्वागत किया गया। सैनी धर्मशाला से शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से होती हुई गोविंदा की बाजार सीताराम मंदिर पहुंची।

मंदिर के महंत मदन लाल शर्मा एवं अन्य धर्म प्रेमी लोगों की ओर से शोभा यात्रा की अगवानी की। इस अवसर पर मुरारी लाल शास्त्री, अजय शर्मा, नवल किशोर शर्मा, अमरचंद सिद्ध, खेम सिंह आर्य, प्रीति विजय, मीना खंडेलवाल, रश्मि विजय, राजेश्वरी,एवं भारी संख्या में सनातन सभा से जुड़े महिला पुरुष सदस्य मौजूद रहे। शनिवार को सीताराम मंदिर में वार्षिकोत्सव एवं कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित होगा इसमें भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

## अलवर में अनफिट बालवाहनियों पर आखिर कब होगी कार्यवाही

### बाल वाहिनियों का फिटनेस एक कागजी बन कर रह जाता है

**अलवर।** परिवहन विभाग जिम्मेदार अधिकारियों और स्कूल व्यवस्थापकों की लापरवाही के कारण अलवर मे कभी भी हो सकती है करोली कांड जैसी पुनार्वति जिसमें कंडम स्कूल बस की फिटनेस नही होने पर परिवहन विभाग ने जब्त नही किया जिसके कारण एक मासूम मौत का ग्रास बन गया था उसी प्रकार अलवर में अनेकों ऐसी बालवाहनियां चल रही है जो कभी भी इस प्रकार के हादसे को अंजाम दे सकती है।

क्या था करोली वाहिनी कांड : घटना 23 फरवरी 2019 की है जब करौली जिले में एक प्राइवेट स्कूल व परिवहन विभाग की लापरवाही ने 6 साल के बालक की जान ले ली. दरअसल करौली के कृष्णा चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल की खस्ताहाल बस के टूटे हुए फर्श से एक 6 साल का छात्र यश गुर्जर सडक़ पर गिर गया. जिसके बाद बस के पहिए से कुचलकर उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बस को जब्त कर लिया. परिवहन विभाग ने बस का लाइसेंस निलंबित कर दिया.

घटना से प्रशासन में हडक़ंप मच गया. उप जिला कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक, जिला परिवहन अधिकारी गुडला गांव पहुंचे तथा घटना की जांच प्रारंभ कर कार्रवाई का आश्वासन दिया. मामले में जांच के लिए एसडीएम, डीएसपी व डीटीओ को शामिल कर टीम गठित की गई है.



अलवर में ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को ले जाते है रोजाना स्कूल।

परिवहन विभाग की जांच में सामने आया कि 2017 के बाद बस फिटनेस के लिए नहीं आई थी, एसडीएम ने माना की स्कूल बस की परिवहन विभाग ने भी फिटनेस जांच कर कार्रवाई नहीं की । इसी प्रकार अलवर में भी कंडम बाल वाहनियों में अलवर जिले सैकड़ों बच्चे स्कूल जाने को मजबूर है कही ये कंडम बाल वाहिनियां इन मासूमों के लिए काल चक्र ना बन जाए इस बारे में जिला कलक्टर ने परिवहन विभाग को निर्देश भी दिए है कि सभी बाल वाहिनियों की जांच की जाए लेकिन जिला कलक्टर के आदेश के एक माह बाद भी अभी तक इन पर कोई कार्यवाही नही हो पाई है लगता है प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। वही बच्चों को जानवरों की तरह छोटी बाल वाहिनियों में ठूस दिए जाते है इतनी बड़ी लापरवाही और अनदेखी जिला प्रशासन की तरफ से कैसे हो रही है यह सोचनीय प्रश्न है।

सभी बालवाहनियों में कैमरे,गवर्नर लगाना जरूरी लेकिन नही लगते परिवहन विभाग के नियम के अनुसार सभी स्कूल वाहनियों में कैमरे और गवर्नर, पैनिक बटन लगाना जरूरी है लेकिन आज जांच की जाए तो अस्सी प्रतिशत वाहनों में ये सभी उपकरण नही होगे। वही वाहनों की फिटनेस ऑनलाइन होने के कारण बाल वाहिनियां सीधे फिटनेस सेंटरों पर पहुंचती है जहां जहां उनकी गुणवत्ता की सम्पूर्ण जांच नही की जाती और अनेकों कमियों को अतिरिक्त चार्ज लेकर नजर अंदाज कर दिया जाता है जिससे बाल वाहिनियों का फिटनेस एक कागजी बन कर रह जाता है।